# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ निकली आक्रोश रैली

### हिंदू संगठनों ने आक्रोश रैली निकाल कलेक्ट्रेट पहुंच सौंपा ज्ञापन



जगदलपुर, 03 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार, मंदिरों में तोड़फोड़ और पुजारियों के साथ मारपीट के खिलाफ बस्तर के संभाग मुख्यालय में मंगलवार को हिंदू संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन आक्रोश रैली निकाली। रैली के बाद कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया गया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अत्याचार रोकने के लिए कदम उठाने की मांग की।

बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद जिस तरह अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले लूट खसोट और बर्बरता बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा शुरू की गई है। उसको लेकर भारतीय जनमानस में आक्रोश है। बांग्लादेशी सरकार के नकारेपन और कट्टरपंथी गुटों के लगातार हिंदुओं पर हमले और सनातनी संस्कृति के मान बिंदुओं देवालयों पर टारगेटेड हमले को लेकर बस्तर के संभाग मुख्यालय में सैकड़ो की संख्या में सनातनीयों ने आक्रोश रैली निकाल कर बांग्लादेश के कट्टरपंथियों और बांग्लादेश सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए दंतेश्वरी मंदिर के सामने धरना प्रदर्शन के बाद रैली निकाली गई। प्रदर्शन और रैली के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। भारत सरकार को इन घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए कठोर कदम उठाए जाने की मांग की है। इस दौरान हेमंत पाण्डेय, एल. ईश्वर राव, अनिल लुंक्कड, आत्माराम जोशी, रवि ब्रमचारी, सुबीर नंदी, अनिल अग्रवाल आदी मौजूद रहें।

हिंदूवादी संगठनों ने बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार और बर्बरता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया है। सैकड़ो की संख्या में लोगों ने एक सभा कर अपने गुस्से को जाहिर किया। प्रदर्शन जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शनकारी हाथों में बांग्लादेशी कट्टरपंथियों द्वारा किए जा रहे जुल्म और अमानवीय कृत्य के लिखे नारे वाली तख्तियां हाथ में लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर के सन्यासी चिन्मय कृष्णदास प्रभु जी को गिरफ्तार करने पर अपना आक्रोश जाहिर किया।

# कर्नाटक में बंधक बस्तर के 9 मजदूरों को कराया गया मुक्त



जगदलपुर, 03 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। कर्नाटक के विजयापुर में बंधक बनाए गए मजदूरों के अभिभावकों ने कलेक्टर बस्तर को आवेदन देकर मुक्त कराने की गुहार पर श्रमिकों को वापिस लाने हेतु दल का गठन किया गया। श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक नितेश महंत, नमिता जॉन, उदेश भवानी राजस्व निरीक्षक, रतिराम मिंज, प्रधान आरक्षक एवं खुलेश दास पंत, चाइल्ड लाइन के साथ 29 नवंबर को कर्नाटक के लिए रवाना हुए। श्रम विभाग की टीम 30 नवंबर की देर शाम को कलेक्टर विजयापुरा से मिलकर स्थानीय प्रशासन द्वारा देर रात दल का गठन किया गया। कर्नाटक के जिला प्रशासन की मदद से 01 दिसम्बर को दबिश देकर 9 मजदूरों को छूडाया और मजदूरी के लगभग 3 लाख रुपए भुगतान दिलाकर बस्तर जिले में वापसी कर रही है। वापसी पश्चात दलालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जिनके माध्यम से मजदूरों को अन्य राज्य में ले जाया जा रहा है।

# ओडिशा से हो रही धान की आपूर्ति पकड़ा गया 210 बोरा धान



### कृषि मंडी के कर्मचारियों ने की अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई

जगदलपुर, 03 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। जिले में 14 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गया है। धान खरीदी धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ने के साथ ही ओडिशा से धान लाकर बस्तर जिले में खपाने की कोशिश की जा रही है। मंगलवार को मारकेल अंचल के कुछ लोगों द्वारा अवैध धान ओड़िशा से परिवहन कर लाया जा रहा था। लेकिन इनकी कोशिश सफल नहीं हो पाई। एक ट्रक में ओडिशा से लाए जा रहे धान की आशंका से मंडी कर्मचारियों ने ट्रक को रोककर जब देखा तो उसमें करीब 210 बोरा धान रखा था। धान को जब्त कर वाहन को नगरनार पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

मंडी निरिक्षक उप्पल रमेश और प्रभाकर ने बताया कि शासन और कलेक्टर बस्तर के निर्देशानुसार सीमावर्ती क्षेत्र में चेक पोस्ट बनाकर वाहनों की जांच करने के साथ ही मंडी के कर्मचारी भी विशेष निगरानी रख रहें है। उन्होंने बताया कि 03 दिसम्बर की रात्रि कृषि उपज मंडी के निगरानी दल ओड़िशा की और से आ रही ट्रक वाहन क्रमांक ओडी 10 पी 4047 को गड़बड़ी की आशंका को लेकर तुरंत रोक कर ट्रक की जांच की। ट्रक में 210 पाकेट लोडिंग किया हुआ धान मिला, जो लगभग 84 क्विंटल पाया गया है। मंडी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत धान को जप्त कर नगरनार थाना के सुपुर्द कर दिया गया है।

# बंद करते समय गिरा स्कूल का गेट, टूटी छात्र की टांग

### बीईओ को सीएसी की रिपोर्ट का इंतजार, नहीं ली गरीब मासूम की सुध

जगदलपुर, 3 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। घटना बकावंड विकासखंड के ग्राम पंचायत मूली के शासकीय प्राथमिक शाला की है। एक सप्ताह पहले कक्षा दूसरी में पढ़ने वाले छात्र गुप्तेश्वर कश्यप उम्र 12 वर्ष जो कक्षा दूसरी का छात्र है, की दांयी जांघ की हड्डी स्कूल का गेट टूटकर गिरने से टूट गई । हादसे के घंटे भर बाद तक छात्र दर्द से कराहते हुए वहीं पर पड़ा रहा। उसके बाद छात्र को उसकी मां उठाकर घर ले गई। बच्चे को महारानी अस्पताल जगदलपुर ले जाया गया, जहां एक्स- रे कराने पर उसकी जांघ की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को उसके गरीब माता पिता वापस घर ले गए। अब घर में ही बच्चे का घरेलू इलाज किया जा रहा है। छात्र के पिता हलदार कश्यप ने बताया कि उसका बेटा कक्षा दूसरी में प्राथमिक शाला मूली में पड़ता है। स्कूल की 4 बजे छुट्टी होने के बाद गेट बंद करते समय छात्र गुप्तेश्वर कश्यप की दाहिनी जांघ की हड्डी टूट गई, अभी घर में देसी जड़ी बूटी से इलाज चल रहा है, हम गरीब लोग हैं अस्पताल का खर्चा नहीं उठा सकते। वहीं स्कूल के प्रधान पाठक प्रेमनाथ बघेल ने कहा है कि छात्र गुप्तेश्वर कश्यप स्कूल की छुट्टी होने के बाद गेट बंद कर रहा था, तभी गेट टूट कर उसकी दाहिना जांघ पर गिर गया। फिर उसे उपचार कराने के लिए महारानी अस्पताल ले गए थे। प्राथमिक शाला मूली में बच्चों को 3 बजे छुट्टी दे दी जाती है और स्कूल 5 बजे बंद होता है।

स्कूल का गेट शरीर पर गिरने से एक मासूम छात्र की जांघ की हड्डी टूट गई, गरीब मां बाप अस्पताल में बेटे का इलाज नहीं करा पा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बकावंड के खंड शिक्षा अधिकारी ने उनकी कोई सुध नहीं ली। उन्होंने सप्ताह बीत जाने के बावजूद पीड़ित छात्र की सुध लेने की जरूरत भी नहीं समझी। बीईओ अभी घटना की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। बीआरसी सोनसिंह बघेल ने बताया कि उन्होंने छात्र के परिजनों को 500 रुपए दिए थे और अस्पताल में दो दिन तक जाकर छात्र का हालचाल पूछता रहा। सहायक शिक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि घटना के समय मैं और प्रधान अध्यापक दोनों उपस्थित थे। घटना दुखद है। इन सबसे हटकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा का जवाब बड़ा ही गैरजिम्मेदाराना और असंवेदनशील रहा। श्री मिश्रा जांच रिपोर्ट और कार्रवाई की बात को ही तवज्जो देते रहे। छात्र गुप्तेश्वर के प्रति सहानुभूति के दो बोल भी उनके मुंह से नहीं निकले, किसी तरह की मदद की बात तो दूर। बीईओ श्रीनिवास मिश्रा का कहना था कि घटना की रिपोर्ट अभी नहीं आई है, सीएससी से रिपोर्ट आएगी तब जो भी घटना के लिए जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# खड़ी ट्रक से टकराया बाइक, हादसे में एक घायल 1 की मौत

जगदलपुर, 03 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। कोड़ेनार थाना क्षेत्र के किलेपाल-3 के पास सोमवार की रात एक तेज रफ्तार बाइक सवार सड़क पर खड़ी ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं एक युवती भी घायल हो गई, जिसका मेकाज में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि किलेपाल निवासी जुगलू पिता चैतू (25) बाजार में जाकर घरेलु समान बेचने का काम करता है। सोमवार की रात को एक युवती से साथ गीदम से अपने घर किलेपाल आ रहा था। रास्ते में किलेपाल के पास ही सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने घायलों को बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया। मंगलवार की सुबह युवक की मौत हो गई, जबकि युवती का इलाज चल रहा है।

नगरीय निकाय निर्वाचन

# मॉडल कॉलेज को स्ट्रांग रूम बनाने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



जगदलपुर, 3 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। नगरीय निकायों के निर्वाचन की तैयारियों के तहत कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा ने धरमपुरा स्थित मॉडल कॉलेज का निरीक्षण किया। मॉडल कॉलेज को नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण-संग्रहण केन्द्र, मतगणना के लिए उपयोग करने हेतु जायजा लिया गया। उन्होंने कॉलेज के विभिन्न कक्षों का जिनका उपयोग विधान सभा और लोकसभा निर्वाचन के दौरान किए गए कक्षों का अवलोकन किया । कलेक्टर ने नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही करने पर जोर दिया । इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, आयुक्त नगर निगम निर्भय साहू, उप निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, एसडीएम जगदलपुर ,भरत कौशिक, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, कालेज के प्राचार्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

# जुआ खेल रहे 8 जुआरी गिरफ्तार

### देवड़ा मंदिर काजू प्लाट के पास एवं ग्राम गरावंड खुर्द में खेल रहें थे जुआ



जगदलपुर, 03 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना नगरनार क्षेत्र में जुआ, सट्टा पर अभियान चलाकर जुआड़ियों पर कार्यवाही करने में सफलता मिली है। पुलिस ने 8 जुआड़ियों को देवड़ा मंदिर काजू प्लांट के पास और ग्राम गरावंड खुर्द में जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ कर कार्रवाई किया गया।

नगरनार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम देवड़ा मंदिर के पास काजू प्लांट जंगल एवम ग्राम गरावंड खुर्द महारापारा इमली झाड़ के नीचे में कुछ जुआड़ी ताश के पत्तो पर रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अलग अलग टीम गठित कर देवड़ा मंदिर काजु प्लांट जंगल पास एवम ग्राम ग्राउंड खुर्द में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान 8 जुआड़ी जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये, जिनके फड़ एवं पास से 55460 रूपये नगद, ताश के 52 पत्ते बरामद किया गया। उक्त 8 आरोपियों के विरूद्ध धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत् अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है।

# बुलेट में मॉडिफाई साइलेंसर लगाने वाले 18 चालकों के खिलाफ कार्रवाई



जगदलपुर, 03 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। शहर की सड़कों पर मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर फर्राटेदार तरीके से बुलेट दौड़ा कर यातायात नियमों का पालन नहीं करने और लोगों को डराने व परेशान करने वाले बुलेट चालकों के खिलाफ सोमवार की रात यातायात विभाग के द्वारा कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही से बुलेट चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने 18 बुलेट चालकों पर कार्रवाई करने के साथ चेतावनी भी दी गई है।

डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि बीते कई दिनों से शहर के युवा वर्ग के द्वारा अपनी बुलेट वाहन में ओरिजन साइलेंसर को हटाकर मॉडिफाई साइलेंसर लगा कर शहर की सड़कों पर फर्राटेभरते नजर आ रहे थे। वाहनों के साइलेंसर में गोली साउंड की आवाज को लगाकर लोगों को डरा रहे हैं। भीड़भाड़ वाले इलाकों में इन युवा वर्ग के द्वारा तेज साउंड को बजाते हुए लोगों को परेशान करने की लगातार शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस ने चौक-चौराहों पर अपने जवान तैनात कर कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने 18 वाहन चालकों को पकड़ा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# हवन यज्ञ और भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन



जगदलपुर, 03 दिसंबर (दण्डकारण्य समाचार)। नगर के लालबाग मैदान में आयोजित भागवत कथा मंगलवार को संपन्न हो गई। इस अवसर पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। कथा व्यास नारायण महाराज ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है।

उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। कथावाचक ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्व सार होता है जो मन बुद्धि व चित्त को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन के दिन विधि विधान से पूजा करवाई। दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया। इसमें यजमान ने अपने अपने परिवार के साथ आहुति डाली। शहर से आए श्रद्धालुओं ने भी हवन में आहुति डाली। पूजन के बाद दोपहर को भंडारा लगाकर प्रसाद बांटा गया।


## आवश्यकता है

दण्डकारण्य समाचार कार्यालय वृन्दावन बाग, जगदलपुर के मशीन विभाग में एक युवक की आवश्यकता है।

रात्रि में कार्य करने में सक्षम, कर्मठ, जरूरतमंद पुरूष प्रत्याशी तत्काल संपर्क करें।

वेतन योग्यतानुसार

संपर्क समय
शाम 5.00 से 6.00 बजे तक
प्रबंधक


मुद्रक व प्रकाशक विश्वरूप बोस द्वारा मालिक विश्वरूप बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : प्रधान संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Website: www.dandakaranyasamachar.com